# नेता परिक्रमा से नहीं, मेहनत से पद मिलेगा : चौधरी

- ब्लॉक और वार्ड कमेटी ही असली कांग्रेस मानी जाएगी
- समीक्षा बैठक से कांग्रेस का संगठन सृजन अभियान शुरू
- एक होकर मैदान में उतरें और निगम का चुनाव जीतने का संकल्प लें : पटवारी





**इंदौर. कांग्रेस के लिए इंदौर नहीं, बल्कि इंदौर के लिए कांग्रेस जनता से चर्चा करें. मोहल्ला कमेटी और ब्लॉक कमेटी आम लोगों से मिलकर समस्याएं, मुद्दे और तकलीफ जानें, उनका भरोसा जीतें, तब कांग्रेस के साथ लोग आएंगे. बड़े नेताओं के परिक्रमा वालों को छोड़ दो. असली कांग्रेस मोहल्ला कमेटी होगी और उसकी ही बात हम सुनेंगे. जो इंदौर हित की बात करेगा, वही असली कांग्रेस है, बाकी भाजपा के एजेंट हैं. हमें ऐसे नेताओं और लोगों की जरूरत नहीं है.**

उक्त बात कांग्रेस महासचिव और प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी ने आज शहर कांग्रेस के सभी सेक्टरों के पदाधिकारियों की समीक्षा बैठक में कही. महासचिव चौधरी ने बताया कि आज 30 सालों से कांग्रेस पीछे क्यों गई? क्योंकि परिक्रमा और जनता से कांग्रेस का नाता टूट गया. आज भी लोग कांग्रेस का साथ देने को तैयार हैं, लेकिन आपको उनकी समस्याओं और शिकायतों पर ध्यान देना होगा. पूछना होगा कि कहां तकलीफ है. यह काम मोहल्ला कमेटी करेगी, तब ही संगठन खड़ा होगा. मेरा कार्यकर्ताओं से आग्रह है कि परिक्रमा करने वाले नेताओं को छोड़ कांग्रेस की बात करने वाले लोगों से जुड़ो और जनता से बात कर कांग्रेस को मजबूत करो. आज इंदौर की हालत खराब है. 36 लोग गंदा पानी पीने से मर जाते हैं. सड़कें गड्ढों में तब्दील हो गई है. समस्या ही समस्या है, बस जनता को विश्वास दिलाना होगा कि कांग्रेस उनके साथ है. मोहल्ला कमेटी ही इसका सच्चा और सही माध्यम है. ब्लॉक स्तर की कांग्रेस ही असली कांग्रेस है. कार्यक्रम में महिला कांग्रेस अध्यक्ष रीना बौरासी, सतनारायण पटेल, रमेश यादव उस्ताद, विनय बाकलीवाल, राजेश चौकसे, राजा चौकसे, अमन बजाज, अभिजीत शर्मा बिट्टू, विनोद चौकसे, प्रवक्ता दीपू चौहान, पार्षद राजू भदौरिया, सोनिया मिमरोट, सीमा सोलंकी, शहर कांग्रेस कमेटी के सभी पदाधिकारी, ब्लॉक अध्यक्ष और वार्ड अध्यक्ष मौजूद थे. संचालन संजय बाकलीवाल और आधार रविकांत मिश्रा ने माना.

### लोगों के सुख-दु:ख में सहभागी बनें : पटवारी

प्रदेश कांग्रेसअध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि कांग्रेस में हर कार्यकर्ता का महत्व है. कोई जरूरी नहीं है कि आप बड़े-बड़े कार्यक्रम करें और बड़ा शामियाना लगे. आवश्यकता यह है कि आप ज्यादा से ज्यादा लोगों के सुख और दुख में सहभागी बने. उन्होंने कहा कि सरकार ने प्रदेश में होने वाली हर घटनाओं के लिए अधिकारियों को जिम्मेदार बताया है. उन पर कार्रवाई भी की गई है. प्रदेश सरकार के मंत्री, महापौर जिम्मेदार है उन पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है. भागीरथपुरा की घटना के लिए प्रदेश नगरीय प्रशासन मंत्री और विधायक कैलाश विजयवर्गीय पूरी तरह से जिम्मेदार है. इसके बावजूद उन्हें मंत्री पद से नहीं हटाया गया है. हमें प्रदेश सरकार की असफलताओं और जनहित के मुद्दे जनता के साथ उठाना है. बैठक को शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे ने भी संबोधित किया.

**शहर कांग्रेस में मिलेगा 4 महिलाओं को पद**-शहर कांग्रेस कमेटी में चार महिलाओं को भी स्थान दिया जाएगा. एक हफ्ते में कभी भी चार नामों की घोषणा प्रदेश अध्यक्ष की सहमति से घोषित कर दिए जाएंगे. बताया जा रहा है कि एक पद उपाध्यक्ष, एक महामंत्री और दो सचिव पद बढ़ाकर महिलाओं को नियुक्त करने की कवायद हो चुकी हैं. शहर अध्यक्ष चिंटू चौकसे ने बताया कि प्रदेश प्रभारी और अध्यक्ष से सहमति मिल गई है और चार महिलाओं को पद देंगे. माना जा रहा है कि शहर कमेटी में उपाध्यक्ष पद पर किरण जिरेती, भारती टांक और पूर्व पार्षद रायमुनी भगत, महामंत्री पद पर शशि यादव, शाही हाड़ा, साक्षी शुक्ला, साधना भंडारी, कुसुम मरमट के नाम पर विचार चल रहा है.

# महू में फर्जी डॉक्टर के अवैध क्लिनिक को सील कर संचालक पर एफआईआर दर्ज

**इंदौर.** महू क्षेत्र में अवैध चिकित्सा गतिविधियों के खिलाफ प्रशासन ने सख्त कार्रवाई करते हुए एक क्लिनिक को सील कर दिया और संचालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है.

एसडीएम महू राकेश परमार ने बताया कि होली चौक गुजरखेड़ा स्थित डॉ. एम.एस. खान का क्लिनिक बिना वैध पंजीयन और मान्यता के संचालित पाया गया था. जांच के दौरान सामने आया कि संचालक बिना मान्यता प्राप्त डिग्री के एलोपैथिक इलाज कर रहा था. टीम ने मौके पर 6 बिस्तरों का अवैध रूप से संचालित छोटा अस्पताल भी पाया, साथ ही बिना अनुमति एलोपैथिक दवाइयों का भंडारण किया था. मामले में गंभीर अनियमितताओं को देखते हुए क्लिनिक को तत्काल सील कर दिया है. प्रशासन ने संचालक के खिलाफ विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है.

## 5वीं और 8वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम आज होगा घोषित

**इंदौर.** राज्य शिक्षा केन्द्र, स्कूल शिक्षा विभाग मध्यप्रदेश द्वारा बुधवार को कक्षा 5वीं एवं 8वीं का परीक्षा परिणाम घोषित किया जाएगा। विद्यार्थी सुबह 11.30 बजे से अपना परीक्षा परिणाम www.rskmp.in/result.aspx पोर्टल पर देख सकेंगे. राज्य शिक्षा केंद्र से मिली जानकारी अनुसार 25 मार्च को परीक्षा परिणाम घोषणा की प्रक्रिया सुबह 11 बजे से राज्य शिक्षा केन्द्र कार्यालय के सभाकक्ष में संचालित की जाएगी.





